BELIEVERS EASTERN CHURCH WORLD HEADQUARTERS
Office of the Metropolitan, St. Thomas Community, Thiruvalla, Kerala, India.

चरवाहे का पत्र

October/November 2024

सभी आर्चबिशप्स और बिशपगण, याजक, डीकन्स, ईवैन्जलिस्ट, ऑर्डर ऑफ सिस्टर्स एवं विश्वव्यापी बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के सभी विश्वासियों को पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम में आशिषें और शुभकामनाएँ। आमीन!✠

मसीह में मेरे प्रियों,

जिस प्रकार से प्रकृति के ऋतुएँ होती हैं, उसी प्रकार से ही कलीसिया के भी होते हैं। हमारा आध्यात्मिक वर्ष, उपवास और पर्वों एवं अनुशासनों जैसे प्रार्थना, उपवास और दयादान के द्वारा चिन्हित होता है, जो हमें मसीह की समानता में दृढ़ बनाने के लिए तैयार की गयी है। उत्पत्ति 8:22 में लिखा है: ''अब से जब तक पृथ्वी बनी रहेगी, तब तक बोने और काटने के समय, ठण्ड और पतन, धूपकाल और शीतकाल, दिन और रात निरन्तर होते चले जाएंगे।'' ये समय और परम्परा बोझ नहीं बल्कि आशीषें हैं, जो हमारे विश्वास और गवाही में दृढ़ता और गहराई से बढ़ने में हमारी सहायता करते हैं।

नवंबर का महिना नए लिटर्जीकल वर्ष की शुरुआत को चिह्नित करता है, जिसे घोषणा और आगमन के पवित्र काल का स्वागत करता है। यह पिछले वर्ष पर विचार करने और नए आध्यात्मिक संकल्प बनाने का आदर्श समय है। शायद आपने पवित्र शास्त्र पढ़ने में लापरवाही की हो, कलीसियाई सेवकाई में भाग न ले पाया हो, या आध्यात्मिक आलस्य में पड़ गए हों। आइए नियमित रूप से दिव्य लिटर्जी की सेवकाई में, पवित्र प्रभुभोज में भाग लेने और पारिवारिक प्रार्थना को गंभीरतापूर्वक लेने का संकल्प करें। परमेश्वर की कलीसिया को मजबूत करने और दूसरों के साथ परमेश्वर के प्रेम को बाँटने के लिए उसके द्वारा दिए गए वरदानों का उपयोग करने से कलीसिया की सेवाओं में अधिक सक्रिय रूप से भाग लें।

मैं, माता-पिता से निवेदन करता हूँ कि आप अपने बच्चों को चर्च कैलेंडर का पालन करना सिखाएँ। उनका आध्यात्मिक गठन घर से ही शुरू होता है - यह उनकी नींव है; और यह महत्वपूर्ण है कि वे प्रार्थना करना, उपवास करना, दयादान देना और विश्वास में जीना छोटे से ही सीखें। युवाओं के लिए, मैं प्रेरित संत पौलुस के शब्दों को दोहराता हूँ: ''कोई तेरी जवानी को तुच्छ न समझने पाए;'' बल्कि अपने कार्यों से एक उदाहरण बनें (1 तीमुथियुस 4:12)।

जैसे हम पवित्र कलीसिया के इस नए वर्ष में प्रवेश करते हैं, आइए इसे 'समय के एक चिन्ह' के रूप में नहीं बल्कि एक अवसर के रूप में मानें, जिसमें हम स्वयं को फिर से समर्पित करें। हमारे संकल्प, दुनियावी संकल्पों के विपरीत, केवल मानवीय इच्छा शक्ति में नहीं बल्कि परमेश्वर की अनुग्रह और सामर्थ्य में निहित होते हैं। आइए साथ मिलकर इस यात्रा को तय करें, आनन्द के साथ

पर्वों को मनाएँ और विनम्रता और पश्चाताप में उपवासों का पालन करें, मसीह में एक शरीर के रूप में मिलकर बढ़ते जाएँ।

मैं संत पौलुस के साथ प्रार्थना करता हूँ कि आप ''...उसकी चौड़ाई, और लम्बाई, और ऊंचाई, और गहराई कितनी है, और मसीह के उस प्रेम को जान सको।'' (इफिसियों 3:17-19। पवित्र त्रिएकता के असीमित सामर्थ्य से जो हम में काम करता है, कलीसिया और संसार में सभी संतों और पवित्र थियोटोकोस की मध्यस्थता के माध्यम से हमारे जीवन में महिमा और सम्मान लाए, अब सदा और सर्वदा। आमीन।✠

मसीह में आपका पिता

तिथि : 25 अक्टूबर 2024

स्थान : वैश्विक कलीसियाई मुख्यालय

मोरान मोर शमूएल थियोफिलस

मेट्रोपॉलिटन

निर्देश: कृपया यह सुनिश्चित करें कि यह सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवादित है और विश्वासियों के प्रोत्साहन के लिए सभी स्थानीय कलीसियाओं में पढ़ा जाए।